भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **423** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **03 फरवरी**, 2023/14 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

संस्थाओं हेतु निधि

†423. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने निकर्षण आदि के रखरखाव के लिए बंदरगाह अभियांत्रिकी स्कंध के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों के लिए कोई धनराशि आवंटित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केंद्र का कोई हिस्सा अभी भी आवंटन के लिए लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा समयोचित धन आवंटन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए/ उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): बजट अनुमान 2022-23 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन (एसएमपीए), कोलकाता को, हल्दिया जाने वाले नौवहन चैनल की रख-रखाव ड्रेजिंग तथा हुगली और हल्दिया चैनल की नदी ड्रेजिंग और रख-रखाव के लिए उनके द्वारा किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु 195.10 करोड़ रु. का आवंटन किया गया था।

एसएमपीए को दिनांक 28.06.2022 को 175.59 करोड़ रु. की राशि अर्थात् बजट अनुमान 2022-23 का 90% हिस्सा जारी किया गया था। शेष 10% राशि अर्थात् 19.51 करोड़ रु. की राशि वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के निर्देशानुसार वित्त वर्ष 2022-23 में एसएमपीए द्वारा न्यूनतम 64.00 एमएमटी कार्गो थ्रूपुट प्राप्त करने के अधीन जारी की जाएगी।

*****